# 11.वृक्षप्रेमी तिम्मक्का

I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

1.गुब्बी तालुका (तहसील) किस जिले में स्थित है?
गुष्यी तालूक (तहसील) तुमकूर जिला में स्थित है ।

2.तिम्मक्का के माँ-बाप अपना पेट कैसे पालते थे?
तिम्मक्का के माँ-बाप मेहनत मजदूरी करते हुए अपना पेट पालते थे।

3.चिक्कय्या क्या काम करते थे?
चिक्कय्या रोज़ दूसरों के खेत में पसीना बहाकर काम किया करते थे।

4.एक दिन चिक्कय्या और तिम्मक्का ने मज़दूरी नहीं की तो परिणाम क्या होता था?
एक दिन चिक्कय्या और तिम्मक्का ने मज़दूरी नहीं की तो उन्हें भूखे रहना पड़ता था।

5.जानवरों के लिए तिम्मक्का दंपति ने क्या इंतज़ाम किया?
जानवरों के लिए तिम्मक्का दंपति ने पीने का पानी का इंतजाम किया।

6.तिम्मक्का दंपति ने बरगद के डाल कहाँ लगाये?
तिम्मक्का दंपति ने बरगद के डाल हलिकल और कुदर के बीच के चार कि.मी के रास्ते के दोनों ओर लगाये।

7.पर्यावरण संरक्षण के साथ तिम्मक्का और कौन सा काम कर रही हैं?
पर्यावरण संरक्षण के साथ तिम्मक्का समाज सेवा का काम कर रही है।

8.तिम्मक्का दीन-दुखियों की सेवा के लिए क्या समर्पित कर रही हैं?
तिम्मक्का दीन-दुखियों की सेवा के लिए जो भी धनराशि पुरस्कार को समर्पित कर रही हैं

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1.तिम्मक्का दंपति किस प्रकार के धर्म-कार्य में लग गये ?
तिम्मक्का दंपतियों ने निश्चय किया कि अपने आप को किसी धर्म-कार्य में लगा लें । उनके गाँव के पास ही श्रीरंगस्वामी का मंदिर था, जहाँ हर साल मेला लगता था। वहाँ आनेवाले जानवरों के लिए पीने के पानी का इंतजाम किया।

2.तिम्मक्का ने बरगद के डालों को कैसे पाला-पोसा ?
तिम्मक्का ने बरगद के डालों को हुलिकल और कुदूर के बीच के चार कि.मी. के रास्ते के दोनों ओर बरगद के डाल लगाये। उन पेड़ों को भेड़-बकरियों से रक्षा करने की व्यवस्था की, उन्हें अपने बच्चों की तरह प्रेम से पाला-पोसा किया।

3.तिम्मक्का के जीवन में कैसी मुसीबत आ गई?
तिम्मक्का के जीवन में मुसीबत की घडियाँ शुरू हुई। तिम्मक्का के पति की तबीऐत खराब हुई। बुरी हालत में चिक्कय्या चल बसे। तिम्मक्का अब अकेली पड़ गयी।

4.तिम्मक्का ने क्या संकल्प किया है?
तिम्मक्का अपने पति की याद में उन्होंने हुलिकल ग्राम में गरीबों की निःशुल्क चिकित्सा के लिए एक अस्पताल के निर्माण कराने का संकल्प किया है।

**III. रिक्त स्थान भरिए :**

1. तिम्मक्का का जन्म कक्केनहल्ली गाँव में हुआ था।
2. तिम्मक्का के माँ-बाप मेहनत-मजदूरी करते हुए अपना पेट पालते थे।
3. तिम्मक्का के पति का नाम बिक्कला-चिक्कय्या था।
4. उनके गांव के पास श्री रंगस्वामी का मंदिर था।
5. तिम्मक्का ने पेड़ों को भेड़-बकरियों से रक्षा करने की व्यवस्था की ।

**IV.वाक्य में प्रयोग कीजिए :**

1. मिसाल:-समाज-सेवा के क्षेत्र में तिम्मक्का एक मिसाल बन गई है ।
2. मेहनत-मज़दूरी:- हमारे माँ-बाप मेहनत-मजदूरी करके अपना पेट पालते थे।
3. पसीना बहाना :- विद्यार्थी पसीना बहाकर पढ़ते थे।
4. धर्म-कार्य :- डॉ. वीरेंद्र हेगडे जी ने अनेक धर्म-कार्य किया है।
5. तबीयत :- मेरे दादीजी की तबीयत खराब हुई ।
6. मुसीबत :- मनुष्य के जीवन में पैसे नहीं तो मुसीबत की घड़ियाँ शुरू होती है।

## V.कन्नड या अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए :

1. अपना दत्तक पुत्र खोकर तिम्मक्का बहुत दुःखी हुई।

**उत्तर:** ತನ್ನ ದತ್ತಕ ಪುತ್ರನನ್ನು ಕಳೆದುಕೊಂಡು ತಿಮ್ಮಕ್ಕ ತುಂಬಾ ದುಃಖಿತಳಾದರು.

After losing her adopted son, Thimmakka was filled with grief.

2. उन्हें अपने बच्चों की तरह प्रेम से पाला-पोसा।

**उत्तर:** ಅವರು ತಮ್ಮ ಮಕ್ಕಳಂತೆ ಪ್ರೀತಿಯಿಂದ ಸಾಕಿ ಬೆಳೆಸಿದಳು.

She took loving care of them just like her own children.

3. तिम्मक्का के जीवन में मुसीबत की घड़ियाँ शुरू हुईं।

**उत्तर:** ತಿಮ್ಮಕ್ಕರವರ ಜೀವನದಲ್ಲಿ ಕಷ್ಟದ ಸಮಯ ಶುರುವಾಯಿತು.

Difficulties has begun in Thimmakka's life

4. तिम्मक्का ने अब तक 300 से भी अधिक पेड़ लगाये हैं।

**उत्तर:** ತಿಮ್ಮಕ್ಕ ಇದುವರೆಗೂ 300 ಕ್ಕೂ ಹೆಚ್ಚು ಮರಗಳನ್ನು ನೆಟ್ಟು ಬೆಳೆಸಿದರು.

Thimmakka has planted and grown more than 300 trees till now.

5. पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ तिम्मक्का सामाजिक कार्य भी कर रही हैं।

**उत्तर:** ಪರಿಸರ ಸಂರಕ್ಷಣೆ ಜೊತೆ-ಜೊತೆ ತಿಮ್ಮಕ್ಕ ಸಮಾಜಸೇವೆ ಸಹ ಮಾಡುತ್ತಿದ್ದರು.

Along with nature conservation Thimmaka did social service also.

## VI. पर्यायवाची शब्द लिखिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. हिम्मत | धैर्य | साहस | |
| 2. पानी | जल | नीर | वरी |
| 3. पेड़ | वृक्ष | जाड़ | |
| 4. पक्षी | पंख | खग | |
| 5. महिला | स्त्री | औरत | |
| 6. तबीयत | आरोग्य | स्वस्थ | |

VII.विलोम शब्द लिखिए :

1. जन्म x मरण
2. आसान x मुश्किल
3. गरीब x अमीर
4. अपना x पराया
5. छोटे x बड़े

VIII. सार्थक वाक्य बनाइए :

1.चिक्करंगय्या पिता विजयम्मा माता थे उनके और ।
उनके माता-पिता चिक्करंगय्या और विजयम्मा थे।

2.एक थी तिम्मक्का से में छः संतानों इनकी ।
इनकी छ: संतानों में से तिम्मक्का एक थी ।

3.मुसीबत की घड़ियाँ जीवन में तिम्मक्का के शुरू हुई। .
तिम्मक्का के जीवन में मुसीबत की घड़ियाँ शुरू हुई।

**IX. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :**

1. जो पति-पत्नी हो – दंपत्ति
2. जिसकी कोई संतान न हो – निसंतान
3. राह पर चलनेवाला – राहगीर
4. जो पढ़ा-लिखा न हो – अनपढ़

**x. जोड़कर लिखिए :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | फूला न समाना | - | निश्चिंत रहना | 2 |
| 2. | घोड़े बेचकर सोना | - | वश में रखना | 3 |
| 3. | उँगली पर नचाना | - | होश आना | 4 |
| 4. | आँखें खुलना | - | नष्ट करना | |
| 5. | आग बबूला होना | - | अत्यंत प्रसन्न होना | 1 |
| | | | अत्यंत क्रोधित होना | 5 |

XI. तिम्मक्का के जीवन के घटना-क्रमानुसार वाक्य लिखिए :

1. जानवरों के लिए उन्होंने पीने के पानी का इंतज़ाम किया।
2. तिम्मक्का के जीवन में मुसीबत की घड़ियाँ शुरू हुई ।
3. तिम्मक्का के पति का नाम बिक्कला चिक्कय्या था।
4. पेड़ों को भेड़-बकरियों से रक्षा करने की व्यवस्था की।
5. पर्यावरण-संरक्षण के साथ-साथ तिम्मक्का अन्य सामाजिक कार्य भी कर रही हैं।

उत्तर :

1. तिम्मक्का के पति का नाम बिक्कला चिक्कय्या था।
2. जानवरों के लिए उन्होंने पीने के पानी का इंतज़ाम किया।
3. पेड़ों को भेड़-बकरियों से रक्षा करने की व्यवस्था की।
4. तिम्मक्का के जीवन में मुसीबत की घड़ियाँ शुरू हुई।
5. पर्यावरण-संरक्षण के साथ-साथ तिम्मक्का अन्य सामाजिक कार्य भी कर रही हैं।

**XII.रेखांकित कारकों का नाम लिखिए :**

1. तिम्मक्का का नाम आज कर्नाटक के कोने-कोने में व्याप्त है।- (संबंधकारक)
2. वे दूसरों के खेत में पसीना बहाकर, काम किया करते थे।- (संबंधकारक में, अधिकरण कारक)
3. दत्तक पुत्र के सगे माँ-बाप को निंदा सुननी पड़ी ।- (संबंध कारक)
4. गाँव के पास ही श्रीरंगस्वामी का मंदिर था। -(संबंध कारक)